स्मारिका 2003

उत्तरांचल

श्रम-संकल्प

गणतंत्र दिवस - 2003

श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण

राष्ट्र का औद्योगीकरण – उद्योगों का श्रमिकीकरण

भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल

(हरीश तिवारी)
प्रदेश मन्त्री
भारतीय मजदूर संघ
उत्तरांचल

उत्तरांचल

श्रम–संकल्प

गणतंत्र दिवस

(२६ जनवरी, २००३)

संरक्षक

सुन्दर लाल उनियाल, देहरादून
डी.डी. शर्मा, काठगोदाम
कमलेश श्रीवास्तव, देहरादून
हरीश तिवारी, हरिद्वार

: सम्पादक :

एस.के. डबराल

सहयोग

कु० बसंती शाही, केवलानन्द सांगुड़ी, रमेश चन्द जोशी,
पूरन सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र प्रसाद, विरेन्द्र देवरा

भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल प्रदेश
३२, चकराता रोड, देहरादून दूरभाष : (०१३५) २६५०९१३

भारतमाता सम्बोधन है तप, त्याग, यज्ञ बलिदानों का।

उत्तरांचल के शहीदों के प्रति श्रद्धा-सुमन

भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल प्रदेश के समस्त कार्यकर्त्ता,
उत्तरांचल आन्दोलन में शहीद अमर हुतात्मा बन्धुओं - बहिनों को
कोटि-कोटि नमन एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित करते है।
उत्तरांचल वासी सदैव उनका स्मरण करते हुए
उनके बलिदान से प्रेरणा लेते रहेंगे।

भारतीय मज़दूर संघ, उत्तरांचल परिवार

दूसरों का डाला अंकुश गिराने वाला है, और अपना अंकुश उत्थानकारी है। मोहनदास कर्मचन्द गांधी

जीवन–मख में श्रम की हवि डालते चलो; झंझाओं में और प्रखर प्रज्वलित जलो, कृपा–पात्र साफल्य न सार्थक होता है, अपने ही श्रम से अजेय होकर निकलो।

– डॉ. श्री विलास डबराल 'विलास'

"पृथ्वीपुत्र"–सर्ग–2 "यात्रा" से साभार

हमेशा डरते रहने से अच्छा है कि खतरे का एक बार सामना कर लिया जाये–नीतिसूत्र

बची सिंह रावत
BACHI SINGH RAWAT

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
भारत सरकार, नई दिल्ली-110003
MINISTER OF STATE FOR
SCIENCE & TECHNOLOGY
GOVERNMENT OF INDIA,
NEW DELHI-110003

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि श्रमिकों की सेवा के लिए समर्पित **भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल, 32, चकराता रोड़, देहरादून, उत्तरांचल** पिछले कई वर्षों से बड़े उत्साह के साथ श्रमिकों की सेवा में जुटा है तथा संघ द्वारा गणतंत्र दिवस-2003 के उपलक्ष्य में " **उत्तरांचल श्रम-संकल्प** " नामक द्वितीय स्मारिका का प्रकाशन करने जा रहा है । आशा करता हूँ कि स्मारिका में उत्तरांचल के विकास की अपार संभावनाओं पर बुद्धिजीवियों के विचारों व लेखों के साथ-साथ अनेक सामाजिक व सांस्कृतिक लेखों को भी समुचित स्थान दिया जाएगा ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि **भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल** भविष्य में भी और अधिक उत्साह के साथ श्रमिकों की सेवा में समर्पित रहेगा तथा अपने समाज सेवा कार्यक्रम को जारी रखेगा और यह स्मारिका उसकी उपलब्धियों और कार्य-कलापों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल होगी ।

भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल के सभी कर्मचारियों/सदस्यों को नव वर्ष-2003 की हार्दिक शुभकामनाएं ।

(बची सिंह रावत)

हीरा सिंह बिष्ट

मंत्री

परिवहन, तकनीकी शिक्षा

श्रम, सेवायोजन एवं प्रशिक्षण

उत्तरांचल सरकार

विधान भवन

देहरादून

दूरभाष : 665111 (कार्या०)

746285 (आवास)

फैक्स : 665880

दिनांक : ....

[illegible]

सन्देश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि भारतीय मजदूर संघ उत्तरांचल द्वारा प्रदेश की द्वितीय स्मारिका "उत्तरांचल श्रम संकल्प" गणतन्त्र दिवस २००३ के अवसर पर प्रकाशित की जा रही है ।

उत्तरांचल राज्य के समग्र विकास की अवधारणा को स्मारिका जन सामान्य तक पंहुचाने में सहायक सिद्ध होगी ऐसी अभिलाषा है ।

भारतीय मजदूर संघ उत्तरांचल द्वारा प्रकाशित की जाने वाली स्मारिका "उत्तरांचल श्रम संकल्प" के सफल प्रकाशन हेतु मेरी शुभकामनाएं ।

(हीरा सिंह बिष्ट)

मंत्री

परिवहन, तकनीकी शिक्षा,

श्रम, सेवायोजन एवं प्रशिक्षण

उत्तरांचल शासन

प्रतिष्ठा मे,

श्री एम०के०डबराल

प्रदेश उपाध्यक्ष

भारतीय मजदूर संघ

३२, चकराता रोड

देहरादून ।

निवास : 15 सेवक आश्रम रोड, देहरादून (उत्तरांचल)

हरबंस कपूर

पूर्व राज्य मंत्री, उ०प्र०
पूर्व मंत्री, उत्तराञ्चल

सदस्य विधान सभा
उत्तराञ्चल

निवास :
41, खुड़बुड़ा, देहरादून
दूरभाष : 628322

कार्यालय :
21, सुभाष रोड, देहरादून
दूरभाष : 650112

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है कि भारतीय-मजदूर संघ, उत्तरांचल प्रदेश द्वारा अपनी द्वितीय स्मारिका "उत्तरांचल श्रम-संकल्प" का प्रकाशन किया जा रहा है।

स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

विकासशील देशों में निश्चित विकास दर को प्राप्त करने के लिए श्रम शक्ति का रचनात्मक योगदान महत्वपूर्ण है, भारतीय मजदूर संघ सदैव राष्ट्रीय हित में श्रमशक्ति को संगठित करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहा है, और यही कारण है कि भारतीय मजदूर संघ देश के सबसे बड़े मजदूर संगठन के रूप में आज प्रतिष्ठित है।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि संगठन पूर्व की भांति भविष्य में भी जहां एक ओर तो राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते दूसरी ओर श्रमिकों के हितों के लिए संघर्षरत रहेगा।

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

(हरबंस कपूर)
28.12.2002

सम्पादक की ओर से

"भारतीय मजदूर संघ" उत्तरांचल प्रदेश की यह द्वितीय स्मारिका आपके हाथों में है। प्रदेश भर से एवं प्रदेश के बाहर से भी मिले निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन का ही यह सुफल कि संघ का यह दूसरा प्रयास एक बेहतर कलेवर, ज्ञानवर्धक एवं रोचक पठनीय सामग्री तथा आकर्षक विज्ञापनों को अपने में समाविष्ट किये हुए है।

भारतीय मजदूर संघ का मुख्य आधार 'भारतीयता' एक ऐसी जीवन पद्धति है जिसमें केवल गतिशीलता एवं नम्यता ही नहीं बल्कि विकल्प एवं ग्राह्यता भी है। इसी सार्वभौमिक सत्य के चलते, इस सूक्ष्म स्तर पर मेरा आग्रह, निवेदन एवं विश्वास कि सहृदय पाठक–गण, हमारे इस प्रयास की प्रकाशन सम्बन्धी अथवा सम्पादकीय त्रुटियों को अपनी उदारता से सहर्ष ग्राह्य करते हुए क्षमा करेंगे एवं हमारा मार्ग प्रशस्त हो इस निमित्त हमारा मनोबल बनाये रखेंगे।

भारतीय मजदूर संघ परिवार की ओर से सभी सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद, आभार।

दिनांक 26 जनवरी, 2003
माघ कृष्ण नवमी, वि.सं. 2059

(एस.के. डबराल)
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय मजदूर संघ
उत्तरांचल

हिन्दी देश की एकता की कड़ी है–डॉ. जाकिर हुसैन

महामंत्री की ओर से

मान्यवर,

राष्ट्रीयता का अभिप्राय औद्योगिक एवं श्रमिक जगत के संदर्भ में श्रमिकों एवं नियोक्ताओं का राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के प्रति सम्पूर्ण प्रतिबद्धता से है। औद्योगिक सम्बन्ध मात्र दो पक्षों, मालिक एवं मजदूर तक ही सीमित नहीं है। इसमें राष्ट्र तीसरा एवं अधिक महत्वपूर्ण पक्ष है। यह सत्य है कि नियोक्ता एवं श्रमिक, औद्योगिक उत्पादन में दो साझेदार हैं किन्तु, जब ये दोनों पक्ष सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया से गुजरते हुए, समझौते करते हैं तो ये समझौते केवल मालिक और मजदूर के आपसी तात्कालिक मुद्दों तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए बल्कि वे राष्ट्र केहित को ध्यान में रखते हुए किये जाने चाहिए और इसके लिए उपभोक्ता का हित, राष्ट्रहित की ओर ले जाने वाली पहली सीढ़ी है, यह ध्यान में रखना अत्यंत आवश्यक है।

भारतीय मजदूर संघ किसी राजनीतिक दल से सम्बद्ध नहीं है। भारतीय मजदूर संघ का कार्यकर्ता राजनीतिक चुनाव भी नहीं लड़ता है। लेकिन आज समाज में अने चुनावी भाषणों के माध्यम से जाति, पंथ, धर्म, सम्प्रदाय की बात कर समाज को विघटित कर रहे हैं जो हमारी राष्ट्रीय एकता को बेहद कमजोर कर रहा है। इसलिए आज राष्ट्रीय हित में इस प्रकार के विघटनकारी विचारों को समाज में फैलने से रोकने की महति आवश्यकता है। भारतीय मजदूर संघ सदैव से इस दिशा में समाज को शिक्षित एवं जागरूक करता आ रहा है।

मुझे विश्वास है कि कठिन परिश्रम, कार्य के प्रति समर्पण अपनी कार्य–संस्कृति का विकास एवं अपनी धार्मिक पृष्ठभूमि के साथ–साथ राष्ट्रीयता की भावना का बोध सफलता के नये आयाम स्थापित करने वाले महत्वपूर्ण घटक हैं और इनका पालन हमें प्रतिपल करना होगा, तभी हम सच्चे अर्थों में एक राष्ट्रवादी ध्येयवादी संगठन के कार्यकर्ता कहलाये जायेंगे।

धन्यवाद

आपका
डी.डी. शर्मा
महासचिव
भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल

प्रयत्न बगैर सब असंभव है, यत्न और मुक्ति से सब संभव है–योग वशिष्ठ

संघ नेतृत्व की दूरगामी सोच ही भा.म.सं. की सफलता का कारण

मा.श्रीदत्तोपंत ठेंगड़ी

● भामसं. को समझना है तो रा.स्व. संघ और संघ के उद्गाता डा. हैडगेवार को समझना आवश्यक है

● संघ स्थापना से पूर्व क्रान्तिकारी आंदोलन के अध्ययन के लिए डा. जी कलकत्ता गये थे। वहां उन्होने क्रांतिकारी आंदोलन के प्रमुख संगठन अनुशीलन समिति के अध्यक्ष श्री चक्रवर्ती से 1916 में संघ स्थापना की अवश्यकता प्रकट की थी ताकि राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत हिन्दु समाज स्वाभिमान से जीवन जीने योग्य बन सके

● डा. जी को Bio focal Vision प्राप्त था इसी कारण उन्होने स्वतंत्रता प्राप्ति तात्कालिक एवं विश्व पटल से साम्राज्य वाद समाप्त कर भारत के परम वैभव का दूरगामी लक्ष्य तय किया था। इसका अनुमान लगाना भी आज सरल नहीं क्योंकि उन दिनों यही सोचा जा रहा था कि पूंजीवाद का अंत साम्यवाद करेगा, हिन्दुत्व नहीं

● अत्यन्त छोटी लगने वाली शाखा के माध्यम से सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने का काम डा. जी ने आजीवन किया

● पूज्य गुरू जी ने कहा कि संघ कुछ नहीं करेगा किन्तु कोई काम संघ के बिना होगा नहीं। सभी उपक्रम स्वयं सेवक करेगा

● संघ की पहले से सोची सोच का प्रकटीकरण-विस्फोट मात्र हो रहा है, विकास नहीं इसे स्पष्टतः से हमें समझना है

● संपूर्ण समाज ही संघ है। शेष अनुसांधिक संगठन, सूर्यमण्डल के अनुशासित संगठन के समान Trans Missin Belt सौरभमंडल नहीं

● संघ का शेष अनुसाधित कार्यो पर Phisical-control नहीं अपितु स्वंयसेवक व्यक्ति रूप में आवश्यकतानुसार, समाज जीवन में जाकर संघ अनुरूप कार्य आरम्भ करेगा

● संघ के Wings स्वयंसेवक हैं अनुसांधिक उपक्रम नहीं। संघ बेजोड़ संगठन होने से इसका पर्यायवाची शब्द ही नहीं है।

● संघ तथा अनुसांधिक उपक्रम एक ही Vision है- संघ के अंग प्रत्यंग Part & Parcle नहीं - यह सब एक ही है

● चन्द्रमा का प्रकाश सर्वदूर होने का अर्थ चन्द्रमा एवं किरण एक ही हैं। चन्द्रमा में पूर्णता है - किरण इसका बढ़ता हुआ प्रकाश है यह एक दूसरे के पूरक नहीं, संपूर्ण एक ही हैं, अंग प्रत्यंग नहीं

● संघ परिवार की संपूर्ण संघ सष्टि, पहले से सोचे Vision का Progressive unfoldment है पहले पीछे टुकड़ों में सोच विचार नहीं

● अनुसांधिक कार्य में हम अपने आपको मात्र समन्वयक नहीं अपितु संघ गणनायक माने अतः देश व समाज के हित में अपने संगठन की हानि को स्वीकारने में भी प्रसन्नता अनुभव करने का अपना स्वभाव बनायें

आहिस्ता चलने से नहीं, सिर्फ चुपचाप खड़े रहने से डर-चीनी कहावत

• 1925 में डा. जी द्वारा सोची सोच vision का पुनः स्मरण मात्र पूज्य गुरूजी ने 'थाना' के अभ्यास वर्ग में करवाया था - त्रिविध पंथ पहला संघ कुछ नहीं करेगा, दूसरा संघ स्वंय सेवक कोई काम छोड़ेगा नहीं, तीसरा संघ स्वयंसेवक दैनिक शाखा में आयेगा। इस त्रिविध पथ्य में संघ ने कार्य विस्तार की रीति-नीति, पद्धति, वायुमण्डल तथा जीवन पद्धति आदि सभी कुछ बातें हमें बतलाई हैं

• पीतल के बर्तन को जैसे मैला होने पर नित्य मंजाई करनी पड़ती है वैसे ही दूषित वायुमण्डल में स्वंयसेवक भी प्रभावित होता है अतः दैनिक शाखा में उपस्थिति से हमें भी अपने आपको सुसंस्कारित बनाये रखने की पहले दिन से आवश्यकता बतलायी गयी है

• मेरे पिताजी के मित्र INTUC नेता ने मुझे INTUC में आकर काम करने का प्रस्ताव किया किन्तु पूज्य गुरूजी की अनुमति से ही मैं INTUC तथा AITUC में ट्रेड यूनियन का काम सीखने के लिए तथा डा. अम्बेडकर के साथ उनके द्वितीय श्रेणी के कार्यकर्ताओं के साथ सम्बन्ध बनाने एवं मित्र बनाने के लिए गया

• गुरूजी का स्पष्ट आदेश था कि इन क्षेत्रों में नेता न बनकर केवल अपने अनुकूल लोग ढूंढने का काम करना है

• गुरूजी का अप्रत्यक्ष रूप से मजदूर आंदोलन से सम्बन्ध तो आया ही था। पहला मार्गदर्शन इंदौर कपड़ा मिल हड़ताल में एक पहलवान नेता के भूख हड़ताल पर बैठने का था जब मुझे कुछ भी जानकारी न होते हुए वहां भूख हड़ताल तुड़वाने के लिए भेजा। मैं, न केवल भूख हड़ताल तुड़वाने बल्कि 13 में 7 मांगे मनवाने में यशस्वी हो पाया था

• मुम्बई की कपड़ा मजदूर हड़ताल में भी शक्ति न होते हुए भा.म.सं. मजदूर क्षेत्र से Isolate न हो पावे, इसी हेतु से उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप ही HMS नेता एन.एम. जोशी से मिलकर एटक नेता डांगे को सफल न होने देने में हमें सफलता मिल सकी

• संघ संपूर्ण हिन्दू समाज का संगठन है जिसमें कम्यूनिस्ट, समाजवादी एवं कांग्रेसी भी शामिल हैं। इसलिए मैं संघ का सरसंघ चालक होते हुए संघ के स्वयंसेवकों को केवल भामसं. सदस्य बनने के लिए आह्वान नहीं कर सकता। यह स्पष्टीकरण गुरूजी ने बैंकिग उद्योग में स्वयं सेवकों को भामसं. सदस्य बनाने का सुझाव दिया

• सरकारी कर्मचारियों की पहली हड़ताल के समय 1960 तक भामसं. का उसमें प्रवेश नहीं हो पाया था। तो भी इस क्षेत्र में भामसं. का दखल बनाये रखने के उद्देश्य से ही उन्होने एक वक्तव्य दिया कि सरकारी कर्मचारियों को हड़ताल का अधिकार तो होना ही चाहिए किंतु यह दायित्व सरकार का है वह ऐसा Macheism विकसित करें ताकि सरकारी कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने की आवश्यकता न पड़े

लंबे समय तक श्री गुरूजी के उपलब्ध निकटस्थ मार्गदर्शन से ही भामसं. की प्रगति हुई है। इस संबंध में अन्य भी अनेक उदाहरणों का उल्लेख किया जा सकता है।

बेकार की चीजों को जानना, कुछ भी न जानने से बेहतर है-सेनीका।

अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के धन्यवाद कार्यक्रम दिनांक 4 फरवरी, 2003 के अवसर पर प्रधानमंत्री निवास दिल्ली में श्री अटल बिहारी बाजपेयी के उद्‌बोधन भाषण का सार

धन्यवाद समारोह में उपस्थित मानव संसाधन मंत्री डा. मुरली मनोहर जोशी, विदेश संचार राज्य मंत्री श्रीमती सुमित्रा महाजन, राजकृष्ण भक्त जी, आंगनबाड़ी महासंघ की अध्यक्ष, महामंत्री, देश के विभिन्न प्रान्तों से आयी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिकाएं, भा.म.सं. के वरिष्ठ पदाधिकारी, पत्रकार बंधुओं,– मैं आपका आभारी हूं कि आप सुदूर आंचलों से मेरे आंगन में मुझे बधाई देने आये। इस घर को मैने आंगन कहा है। आंगन, आंगनबाड़ी से जुड़ा है। हम भी सरकारी आंगन में निवास नहीं प्रवास कर रहे हैं। वैसे भी मैं मकान मालिक नहीं हूं, बनना भी नहीं चाहता, हो भी नहीं सकता। पता नहीं कब जाना पड़े। कुछ अच्छा कार्य करके जायें, यह हमारी दिली अभिलाषा है। आपसे मिलकर अत्यन्त खुशी हुई देश के बच्चों की देखरेख, पोषण, स्वास्थ्य, कल्याण की चिंता व तकलीफों का ध्यान रखना आपका कार्य है। आप इस कार्य में लगी हैं। अच्छी बात है। जैसा डा. जोशी ने कहा कि इस राष्ट्रीय सामाजिक कार्य के बदले आपको जो मानदेय मिलता है, वह मजूरी नहीं, मेहनताना नहीं, मैं तो उसे अमूल्य सेवा के बदले मैं प्रसाद या दक्षिणा मानता हूं। और मुझे खुशी है कि आपकी दक्षिणा मैं दोगुनी वृद्धि हुई। जो आपको अप्रैल 2002 से मिलेगी। जिसे मैं थोड़ी ही कहूंगा। क्योंकि महंगाई भी बढ़ी है, वस्तुओं के दाम भी बढ़े हैं। सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बढ़ी हुई महंगाई के आधार पर महंगाई भत्ता मिलता है। क्योंकि आप सरकारी नौकरी में नहीं हैं तथा समाज सेवा के कार्य में लगी हैं इसलिए आपके लिए मापदण्ड दूसरा है। अब वह समय गया कि जन्म से लेकर मरण तक सारा काम सरकार करेगी। रहे होटल में, मरे अस्पताल में, तो जिन्दगी क्या हुई। परिवार छोटे–बड़े होते हैं उनमें आपसी स्नेह का सम्बन्ध होता है। परिवार–जन एक दूसरे के सुख–दुख के साथी होते हैं। इसलिए प्रयत्न हुआ कि परिवार ठीक प्रकार चलते रहें। आपकी स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ। इसलिए मेरे अतिरिक्त डा. मुरली मनोहर जोशी एवं सुमित्रा महाजन का योगदान ज्यादा है, लेकिन नाम मेरा लिया जा रहा है। क्योंकि मैं आगे–आगे हूं। फैसला हम सबने मिलकर किया है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे आंगन में इतने लोग धन्यवाद देने आयेंगे। गिरीश अवस्थी जी (सहमहामंत्री भा.म.सं.) कह रहे थे कि आपने यदि थोड़ा समय और दिया होता तो इससे कई गुना अधिक लोग आते। चलिए, ठीक है, आगे वह समय भी आयेगा। आप जो कार्य करती हैं, उनका महत्व अपने आप में अलग प्रकार का है। आंगनबाड़ी केन्द्र गांव का आकर्षण केन्द्र होता है। आप गांव के केन्द्र बनें। आप केन्द्रों में बच्चों को बुलाती हैं। वह केवल बुलावा नहीं, उसमें अपनत्व एवं स्नेह होना चाहिए। बच्चों के साथ–साथ गांव के परिवार–जनों के सुख–दुख के साथी एवं देखभाल में सहयोगी बनें। आपमें समाजसेवा का भाव निर्माण होना चाहिए। आपकी सेवा अमूल्य है। इसका मूल्य चुकाया नहीं जा सकता। आप भावी पीढ़ी का निर्माण दूसरी माँ के रूप में करती हैं। आपके द्वारा तीन

करोड़ चौरानबे लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। अभी हो सकता है कि आपके लिए केन्द्रों की समस्या हो। पेड़ के नीचे बैठना पड़ता होगा बरसात की भी समस्या रहती होगी। लेकिन इसका भी हल निकाला जायेगा। सुमित्रा महाजन ने हमें ध्यान दिलाया है कि सांसदों को प्रति वर्ष मिलने वाली धनराशि के मद में आंगनबाड़ी कक्ष निर्माण को भी शामिल किया जाये। गांव में ऐसे केन्द्रों के निर्माण से आंगनबाड़ी कार्य के अतिरिक्त इनका उपयोग शादी विवाह, उत्सव इत्यादि के लिए भी हो सकता है। मैं ससंद में इस सुझाव को रखूंगा। देखते हैं, पुरूष भाई कितना मानते हैं, वैसे डा. जोशी जी का सहारा है मुझे। दो करोड़ रूपये कम नही होते। उसे योजनाबद्ध व ठीक प्रकार से खर्च किया जाना चाहिए। हमारे देश में पैसे की कोई कमी नहीं है, सही ढंग से खर्च हो रहा है या नहीं यह देखा जाना चाहिए। हमें चार साल पहले पता नहीं था। लेकिन हम अब पता लगा सकते हैं। मिलने वाली राशि में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नही होनी चाहिए। समाज का पैसा ईमानदारी से खर्च होना चाहिए। हम जैसा चाहते हैं वैसा हो नहीं रहा है। आज भी लड़की के साथ न्याय नहीं हो रहा है। मां बाप लड़की को पढ़ाने में संकोच कर रहे हैं। सोचते हैं, जब इसकी शादी होगी तो जो इसके भाग्य में होगा, देखा जायेगा। लड़के–लड़की में फर्क नहीं होना चाहिए। यदि मां पढ़ी लिखी होगी तो बच्चे भी पढ़ेंगे और सस्कारित होंगे। ये काम मां ही कर सकती है। अभी भी हमारे यहां लड़की पैदा होने पर जीवित नही रहने देते। लड़कियों की संख्या कम हो रही है कई प्रदेशों में लड़कियों का अनुपात कम हो रहा है। लड़के–लड़कियों का अनुपात 50:50 होना चाहिए। भगवान पैदा करता है लेकिन इंसान जिन्दा नहीं रहने देते। इसके लिए सरकार कानून बना रही है। घर में लड़की पैदा होने पर मायूस नहीं, आनन्दित होना चाहिए। ऐसा ही सवाल टीके का है। अस्पतालों में टीके उपलब्ध हैं लेकिन लगेंगे नहीं। इसमें भी आपको सहायता करनी होगी, ध्यान रखना पड़ेगा। चीन के बाद हमारी जनसंख्या अधिक है। 6 वर्ष तक के बच्चों की चिंता आपको करनी है, उसके बाद स्वास्थ्य व शिक्षा की चिंता समाज करेगा। यह देखना भी आपकी जिम्मेदारी है। सबको मिल–जुल कर काम करना होगा। आज सारी दुनिया हमारी तरफ देख रही है। भारत आप लोगों के परिश्रम से बनेगा। गांवों में एक दूसरे की चिंता कौन करता है। यह मनोवृत्ति बदलनी होगी। किसी भी प्रकार की समस्या का हल अपने व समाज स्तर पर करना, निराकरण नहीं होने पर सरकार के सामने दृढ़ता से अपना पक्ष रखना होगा। हम सब अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का ध्यान रखें और किसी के साथ अन्याय न हो दोनों की चिंता साथ–साथ करनी होगी। आंगनबाड़ी आंदोलन पुराना है। लगभग 27 वर्ष। आपकी 12 लाख की सेना यदि किसी देश पर हमला करेगी तो फिर कोई बच नहीं सकता। मेरे आंगन में आने के लिए एक बार धन्यवाद देता हूं।

"जय जवान" "जय किसान" "जय विज्ञान"

संकलनकर्ता
केवलानन्द सांगुड़ी
उद्योग प्रभारी असंगठित व आंगनबाड़ी क्षेत्र उत्तरांचल

देश की रक्षा पहला काम–सबको काम बाँधो दाम।

प्रदेश कार्यालय
भारतीय मजदूर संघ उत्तरांचल
32 चकराता रोड, देहरादून, दूरभाष 2650913

भारतीय मज़दूर संघ उत्तरांचल प्रदेश कार्यसमिति

क्रमांक	पद	नाम	पता
1.	अध्यक्ष	श्री सुन्दरलाल उनियाल	21 अज़बपुर खुर्द देहरादून दूरभाष : 2627002
2.	उपाध्यक्ष	श्री एस.के. डबराल	45/2 कैनाल रोड के.सी. पब्लिक स्कूल के सामने जाखन देहरादून : 2734744, मोबाइल 9837277079
3.	उपाध्यक्ष	कु0 बसन्ती शाही	बाल विकास एवं पुष्टाहार केन्द्र, गर्म पानी जिला नैनीताल दूरभाषः 05942–245582
4.	महामन्त्री	श्री डी.डी. शर्मा	श्रमिक बस्ती शीशमहल काठगोदाम, जिला नैनीताल दूरभाषः 05946–280841
5.	मन्त्री	श्री कमलेश श्रीवास्तव	भारतीय मज़दूर संघ कार्यालय 32 चकराता रोड़, देहरादून दूरभाष : 0135–2650913(कार्या.) 2677288(नि0)
6.	मन्त्री	श्री हरीश तिवारी	क्वार्टर नं. 817 टाईप–2 सेक्टर–3 बी.एच.ई.एल. रानीपुर हरिद्वार दूरभाष : 0134–222104
7.	वित्त मन्त्री	श्री सुरेन्द्र प्रसाद	चीनी मिल कालोनी काशीपुर जिला उद्यमसिंहनगर, दूरभाष : 05947–279187
8.	सदस्य	श्री रमेश चन्द जोशी	6/49 तल्ली बमौरी, मुखानी हल्द्वानी जिला नैनीताल, दूरभाष : 05946–225962

सहनशील होना अच्छी बात है परन्तु अन्याय का विरोध करना उससे भी उत्तम है। जयशंकर प्रसाद

9.	सदस्य	श्री अमरेन्द्र नारायण मेहता	ए–1611 आई.डी.पी.एल वीरभद्र ऋषिकेश जिला देहरादून दूरभाष : 0135–2450742
10.	सदस्य	श्री केवलानन्द सांगुडी	ए–166 एच.एम.टी. कालोनी अमृतपुर (रानीबाग) जिला नैनीताल दूरभाष – 05946–228196
11.	सदस्य	श्रीमती निशा सक्सेना	सेवा प्रबन्धक कार्यालय, परिवहन निगम काठगोदाम, नैनीताल दूरभाष : 05946–222010(कार्य0) 234235
12.	सदस्य	पूरण सिंह बिष्ट	सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय उ0प्र0 परिवहन निगम अल्मोड़ा, दूरभाष : 234511(कार्य0) 233547(नि0)
13.	आमंत्रित सदस्य	श्री महिनारायण झा	क्वार्टर नं. 147 टाईप–3 सेक्टर–1, बी.एच.ई.एल रानीपुर हरिद्वार दूरभाष : 0134–2320967
14.	आमंत्रित सदस्य	श्री लक्ष्मीप्रसाद जायसवाल	ई0–2/ए अपर रेलवे कालोनी देहरादून–248001, दूरभाष : 0135–2621588, 2773694

चरित्र के बीज बोकर, उद्देश्य की फसल काट लो।

उद्योग-समूह प्रमुख

श्री सुन्दर लाल उनियाल
सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ (केन्द्र एवं राज्य सरकार कर्मचारी)
एवं
स्वायत शासी उद्योग

श्री एस० के० डबराल
वित्तीय संस्थायें। बैंक, बीमा, ग्रामीण बैंक उद्योग

श्री डी० डी० भार्मा
परिवहन, विधुत, जल संस्थान, जल निगम, वन निगम, ऊर्जा निगम, अनुसूचित जनजाति, निगम, कुमाऊँ गढवाल मण्डल विकास निगम, कर्मचारी कल्याण निगम एवं जलागम उद्योग

श्री सुरेन्द्र प्रसाद
निजीक्षेत्र इंजिनियरिंग
शुगर, दुकान, स्कूल

श्री अमरेन्द्र नारायण मेहता
सार्वजनिक प्रतिष्ठान भारतीय खादय निगम स्वदेशी जागरण/पर्यावरण ।

श्री केवलानन्द सांगुडी
असंगठित क्षेत्र एवं आगनबाडी
कु० बसन्ती शाही एवं श्रीमती निशा सक्सेना
महिला विभाग प्रमुख

श्री सुन्दर लाल उनियाल एवं श्री कमलेश श्रीवास्तव
कानून प्रकोष्ठ एवं सचिवालय कार्य

वह आदमी वास्तव में बुद्धिमान है जो क्रोध में भी गलत बात मुंह से नहीं निकालता।– शेख सादी

क्षेत्र-प्रमुख

- श्री हरीश तिवारी

  हरिद्वार जिला
  टिहरी गढ़वाल जिला
  ऋषिकेश
  उत्तरकाशी जिला

- श्री कमलेश कुमार श्रीवास्तव

  देहरादून
  पौडी गढ़वाल
  चमोली जिला
  रूद्रप्रयाग जिला

- श्री पूरन सिंह बिष्ट

  अल्मोडा जिला
  बागेश्वर जिला
  पिथौरागढ़ जिला

- श्री रमेश चन्द जोशी

  नैनीताल
  ऊधमसिंह नगर
  चम्पावत

पूर्णकालिक

- श्री सुन्दर लाल उनियाल, प्रदेश अध्यक्ष
- श्री डी० डी० शर्मा, प्रदेश महामंत्री
- श्री कमलेश श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री

गरीब वह नही है जिस के पास कम है बल्कि धनवान होते हुए भी जिस की इच्छा कम नही हुई वह सब से अधिक गरीब है।– विनोबा भावे

आपका अपना बैंक

नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि० हल्द्वानी

गणतंत्र दिवस-२००३ के अवसर पर यह बैंक अपने सभी ग्राहकों, खातेदारों, कृषक सदस्यों एवं जन सामान्य का हार्दिक अभिनन्दन करता है तथा अनुरोध करता है कि इस बैंक द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का समुचित लाभ उठाने हेतु सेवा का अवसर प्रदान करें :

विशेषताएं :-

- कृषि ऋण वितरण में अग्रणी भूमिका।
- अन्य वाणिज्यिक बैंकों की अपेक्षा अमानतों पर अधिक ब्याज।
- भारतीय रिजर्व बैंक से लाईसेंस प्राप्त।
- अधिकांश शाखाओं में लाकर्स सुविधा।
- जीप/टैक्सी/आटो रिक्शा एवं बडे वाहनों हेतु वाहन ऋण की सुविधा।
- व्यवसायियों/फर्मो को बंधक/दृष्टिबंधक ऋण सुविधा।
- वेतनभोगी व्यक्तियों को वेतनभोगी समितियों के माध्यम से ऋण सुविधा।
- वेतनभोगी व्यक्तियों को घरेलू सामान क्रय हेतु १.०० (एक लाख) रूपये तक सी०डी०एल० ऋण सुविधा।
- जन सामान्य को आसान शर्तो पर भवन निर्माण ऋण सुविधा।
- शीघ्र हल्द्वानी मुख्य शाखा में ए.टी.एम. सुविधा।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

शेर सिंह लटवाल	टीकम सिंह खेड़ा	इकबाल भारती	राजेन्द्र सिंह नेगी
सचिव/महाप्रबन्धक	सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष
सदस्य प्रशासक मंडल	प्रशासक मंडल	प्रशासक मंडल	प्रशासक मंडल

गरीब वह नहीं है जिसके पास कम है, बल्कि धनवान होते हुए भी जिसकी इच्छा कम नहीं हुई वह सबसे अधिक गरीब है। – विनोबा भावे

सरकार ने आर्थिक नीतियां नहीं बदली तो 85 लाख श्रमिकों की छटनी होगी

सुन्दर लाल उनियाल
एम.ए. (हिन्दी)
प्रदेश अध्यक्ष, भा.म.सं. उत्तरांचल

यह सभी को ज्ञात है कि व्यापक जनता के संघर्ष के बाद भारत देश आजाद हुआ था, किन्तु आज भी भारत देश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, तथा अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए जूझ रहा है, सत्ता में बैठी सरकार ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सुधारवादी आर्थिक नीतियों के तहत इनको भारी छूट देकर भारत वर्ष मे सभी दरवाजे खोल दिये हैं, जिससे देश की आर्थिक स्थिति भयंकर हो गयी है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) के सामने आत्मसमर्पण करने वाली केन्द्र की सरकार के खिलाफ आज सभी के लिए श्रमिक संगठन एक होकर इसका विरोध कर रहे है। भारतीय मजदूर संघ ने लम्बी लड़ाई करने का ऐलान किया है। इसलिए तो 25 अप्रैल 2001 से एनरॉन कम्पनी का सौदा रद्द करने की मांग को लेकर महाराष्ट्र बंद में भा.म.सं. सम्मिलित हुआ तथा 2 लाख से अधिक की रैली 16 अप्रैल को निकाल कर दिल्ली में भारत सरकार को चेतावनी भी दे डाली। सरकार की आर्थिक नीतियां नहीं बदली तो 85 लाख श्रमिकों की छटनी होगी, इसलिए श्रम संगठनों का नेतृत्व करते हुए भा.म.सं. ने अमेरिका एवं यूरोप के प्रभुत्व को समाप्त करने के लिए विकासशील देशों का एक दूसरा विश्व व्यापार संगठन बनाने के लिए भारत सरकार से पहल करने का सुझाव दिया।

गत वर्ष 16 अप्रैल 2001 को रामलीला मैदान में भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तो पंत ठेगड़ी जी ने देश के हित में विशाल रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को बचाने का प्रयास कर रही है, इस देश का मजूदर, किसान, लघु

उद्योगपति, बेरोजगार युवक तथा देशभक्त जनता उसके खिलाफ युद्ध के लिए उठ खड़ी होगी। आज आर्थिक सुधार सुझाव जो योजना आयोग ने दिये हैं वे उसी प्रकार से हैं जो फिक्की एसो.चैम और एसो चैम ने दिये हैं तथा जिनके लिए विश्व बैंक, आई.एम.एफ.डब्ल्यू. टी.ओ. लगातार भारत सरकार पर दबाव बनाये हुए हैं। इस नीति के तहत 24 मुख्य सार्वजनिक उपक्रमों को या तो बेचा गया है या सयुक्त उपक्रम में बदल दिये गये हैं। वस्त्र होजयरी, सिलाई क्षेत्रों आदि को लघु उद्योगों के लिए आरक्षित क्षेत्र के लिए आरक्षित क्षेत्र से निकालकर इन्हें बड़ी पूंजी और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए खेल दिया गया है। रेलवे का निजीकरण किश्तों में किया जा रहा है। रेलकर्मियों की संख्या घटने का प्रस्ताव भारत सरकार कर रही है। सरकार सड़क/बन्दरगाह के निर्माण तथा रखरखाव को भी निजी क्षेत्रों में दे रही है। विद्युत उत्पादन एवं वितरण को भी निजी कम्पनियों को सौंपने जा रही है। ऊर्जा के श्रम में उत्तर प्रदेश में तो बड़े बड़े शहर निजी संस्थाओं को सौंपकर एक प्रकार प्रयोग किया जा रहा है, जो देश के हित में नही है।

आज की राष्ट्रीयकृत बैंकों का 51700 करोड़ 200 औद्योगिक घरानों एवं पूंजीपतियों पर बकाया हैं राष्ट्रीयकृत बैंकों को भी निजीकरण क्षेत्र में देने का विचार भारत सरकार कर रही है जिनका विरोध भा.म.संघ ने किया है, उर्जा के क्षेत्र में माननीय श्री दत्तो पंत ठेगड़ी जी ने देश हित विरोधी एनरॉन समझौते को तुरन्त रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि 13 दिन की वाजपेयी सरकार के दौरान एनरॉन के साथ जल्दबाजी में समझौता के लिए जिम्मेदार राजनेताओं को और नौकरशाह की पहचान की जानी चाहिए तथा उन्हें दडित किया जाना चाहिए। इसलिए तो श्रमिक संगठनों ने केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी आर्थिक नीतियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के फैलते साम्राज्य के खिलाफ मजदूर संघों ने राज्यों में हड़ताल, बंद जैसे कदम उठाने का निर्णय लिया था।

श्री ठेंगड़ी जी ने आगे कहा कि डब्ल्यू.टी.ओ. धोखेबाज देश का क्लब है, उन्होने कहा कि अपने को देश भक्त कहने वाली सरकार अमेरिका के दवाब में आकर देश के बड़े–बडे प्रतिष्ठानों में छटनी तथा ठेकेदारी प्रथा लागू कर रही है। पूर्व वित्त मंत्री माननीय श्री यशवंत सिन्हा को आड़े हाथों लिया, उन्होने कहा कि वित्त मंत्री औद्योगिक विवाद कानून और श्रमिक कान्ट्रैक्ट एक्ट में श्रमिक विरोधी संशोधन का प्रस्ताव देकर श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसलिए भारतीय मजदूर संघ ने अपने सुझाव समिति के माध्यम से

श्रम मंत्रालय को माननीय हंसू भाई दवे राष्ट्रीय अध्यक्ष भा.म.सं. के नेतृत्व में श्रम से सम्बन्धित सुझाव दिये हैं, जिससे श्रमिकों का अहित न हो।

अभी तक जिस कारखाने में सौ मजदूर काम कर रहे थे उसे बंद करने की अनुमति लेने की जरूरत होती थी। लेकिन वित्त मंत्री ने यह सीमा एक हजार तक घटा दी। सरकार इस नीति से पच्चासी लाख मजदूर छटनी की चपेट में आ गये हैं उन सभी सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश की भी आलोचना की और कहा कि मार्डन फूड को कौड़ियों के दाम बेच दिया गया। उन्होने सभी श्रमिक संगठनों से विश्व व्यापार संगठन और विश्व बैंक के खिलाफ लड़ाई में हाथ मिलाने तक का भी आग्रह किया। चरणबद्ध तरीके से तीन वर्षों के भीतर सस्ते राशन, रसोई गैस मिट्टी का तेल, डीजल, पैट्रोल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि आदि क्षेत्रों को दी जाने वाली सब्सिडी पूरी तरह से समाप्त करने की योजना है। उदारीकरण के नाम पर किसानों को तबाही के रास्ते पर ले जाया जा रहा है। संगठित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सरकार छटनी करने का मन बना चुकी है। प्रत्येक विभाग में कुल संख्या का 20 प्रतिशत छटनी का प्रयोजन रखा है। असंगठित क्षेत्र के मजदूर ठेका एवं दिहाड़ी मजदूर बनने पर विवश हो रहे निजीकरण के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा मध्यम वर्ग के लिए भी दुर्लभ हो जायेगी, इसलिए इन विनाशकारी आर्थिक नीतियों का विरोध श्रमिक क्षेत्र में प्रत्येक केन्द्रीय संगठन को करना होगा, तभी श्रमिक क्षेत्रों को बचाया जा सकता है।

प्रायः यह भी देखने में आ रहा है कि नौकरशाह लोग लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम, होटलों (सरकारी/अर्धसरकारी) का जानबूझकर घाटे में दर्शा रहे हैं और श्रमिकों को इसके लिए दोषी करार कर उन्हें सस्ते दामों पर बेचकर इसका लाभ स्वयं उठा रहे हैं। तभी तो माननीय ठेगड़ी ने केन्द्रीय मंत्री अरूण शौरी को ईमानदार कहने के बावजूद सरकार की विनिवेश एवं एग्जिम नीति पर जमकर प्रहार किया। इन नीतियों के कारण ही बेरोजगार के अवसर घटे हैं लाखों उद्योग आज बंद हो गये हैं लाखों मजदूर बेरोजगार सड़क पर आ गये हैं और किसान आत्महत्या कर रहे हैं। 31 मार्च 2000 तक तीन लाख औद्योगिक ईकाईयों बीमार हो गयी हैं।

महिलाओं के शोषण पर अंकुश लगाने, एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की दशा में सुधार लाने हेतु उनको मिलने वाला मानदेय को दुगना करने हेतु भा.स.सं. ने भी प्रयास किये हैं।

आज वे इस स्थिति में आ गई हैं। वे सम्मान से अपने आपको आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कहने में संकोच नहीं करती है क्योंकि भा.म.सं. ने महिलाओं को जागृत एवं संगठित किया है। इसलिए तो भा.म.सं. ने महिला क्षेत्र/असंगठित क्षेत्र में कार्य किया है। भा.म.सं. ने भारत की आर्थिक संप्रभुता और आत्मनिर्भरता की रक्षा करने के लिए श्रमिकों एवं जनता को जागृत किया है तथा जनता के अधिकारों पर बढ़ते दवाब को रोकने हेतु तथा आर्थिक नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का तथा संघर्ष करने का ऐलान किया है तथा श्रमिकों को छंटनी को रोका जा सके और भारत वर्ष आर्थिक नीतियों के कारण आने वाले समय में गुलाम न बन जाये।

सुन्दरलाल उनियाल

हार्दिक शुभकामनाएं

वेद प्रकाश गुप्ता

अमर नाथ जोशी

प्रापर्टी डीलर्स

एवं बिल्डर्स

तल्ली वेमोरी मुखानी

फोन न. 9412085039

DAWAR LAMINATES

CLUTCH FACINGS

23, 1 Niranjanpur, P.O. Majra, Dehra Dun - 248001

Mfrs. of:

Friction Materials, Clutch Liners for Automobiles Earth Moving Machinery, Oil Field Equipments & Industrial Uses

व्यक्ति की बजाय समूह द्वारा लिया गया निर्णय यशस्वी होता है।

गरीब वह नहीं जिसके पास कम है, बल्कि धनवान होते हुए भी जिसकी इच्छा कम नहीं हुई वह सबसे अधिक गरीब है। –विनोबाभावे

माँ

- *माँ! तूने तीर्थकरों को जना है, संसार तेरे ही दम से बना है, तू मेरी पूजा है, मन्नत है मेरी, तेरे कदमों में जन्नत है मेरी .....*
- *माँ और क्षमा दोनों एक हैं क्योंकि माफ करने में दोनों नेक हैं।*
- *घर की माँ को रूलाए और मन्दिर को चुनरी ओढ़ाये.... याद रखना, मन्दिर की माँ तुझ पर खुश तो नहीं .... शायद खफा जरूर होगी।*
- *माँ! पहले आँसू आते थे और फिर तू याद आती थी। आज तू याद आती है और फिर आंसू आते हैं।*
- *जिस दिन तुम्हारे कारण माँ की आँख में आँसू आते हैं, याद रखना.... उस दिन तुम्हारा किया सारा धर्म.... आँसुओं में बह जाता है।*
- *जीवन के अँधेरे पथ में सूरज बनकर रोशनी करने वाली माँ की जिन्दगी में अंधकार मत फैलाना।*
- *घर में वृद्ध मां से बोले नहीं, उनको संभाला नहीं और वृद्धाश्रम में दान करें, जीवदया में धन प्रदान करें, उसे दयालु कहना.... वो दया का अपमान है।*
- *आज तू जो भी कुछ है वो 'माँ' की बदौलत है.... क्योंकि तुझे जन्म दिया.... माँ तो देवी है....।*
- *माँ की आखों में दो बार आसूँ आते हैं, लड़की घर छोड़े तब.... लड़का मुँह मोड़े तब....।*
- *जिन बेटों के जन्म पर माँ-बाप ने हंसी खुशी पेड़े बांटे.... वही बेटे जवान होकर माँ-बाप को बांटे.... हाय, कैसी करूणता?*
- *पेट में पांच बेटे जिसको भारी नहीं लगते थे, वो माँ बेटों के पांच प्लेटों में भारी लग रही है। बीते जमाने का यह श्रवण का देश... कौन मानेगा?*

केवलानन्द सांगुड़ी 'अकेला'
कार्यकर्ता (hmt)
भारतीय मजदूर संघ
हल्द्वानी (नैनीताल)

उत्तरांचल में परिवहन निगम की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन -

डी.डी. शर्मा
महामंत्री

आप अवगत हों, वर्ष 1948 में जब परिवहन का उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीयकरण किया गया उस समय उत्तरांचल वासी प्रदेश के तत्कालीन मुख्य मंत्री स्व. गोबिन्द बल्लभ पंत जी ने घोषणा की थी कि राजकीय रोडवेज का मूल उद्देश्य आम जनता के लिए सस्ती, आरामदायक तथा रोजगार मूलक परिवहन व्यवस्था सुलभ कराना हैं उन्होने उत्तरांचल में केवल बस सेवा ही नहीं अपितु बस कम ट्रक, टैक्सी, सेवाएं भी परिवहन व्यवस्था में दिये। काठगोदाम, कोटद्वार, देहरादून तथा बाद में टनकपुर से पर्वतीय क्षेत्रों में परिवहन का यह सारा कारोबार राजकीय रोडवेज के पास था। वन विभाग, सेना विभाग, सा. नि.वि., आर.एफ.सी. आदि सरकारी विभागों का सामन ढोना, रानीखेत, भवाली, रामगढ़ नैनीताल, लैन्सडाउन, दुगड़ा, मसूरी, लोहाघाट, चम्पावत में रेलवे आऊट एजेन्सी लेकर पार्सल/माल का ढुलान, सेना विभाग के सैनिकों को रोड वारंट की सुविधा, पोस्टल विभाग की डाक सेवा, सरकारी वाहनों को अपने रोडवेज पम्पों से तेल की सप्लाई, उनकी मरम्मत आम जनता तथा वी.आई.पी. के लिए टैक्सी सुविधा न्यूज पेपर ढुलान आदि कार्य विभाग के पास रहने से लगता था कि राजकीय रोडवेज सरकार के रूप में संचालित है परिणामस्वरूप उत्तरांचल में रोजगार के सर्वाधिक साधन उपलब्ध थे, इस विभाग के वाहनों का संचालन निर्धारित समय तथा स्थानों से होता था, इसमें कार्यरत कर्मचारियों तथा अधिकारियों का भी राजकीय सेवक के नाते अपना सम्मान था उन्हें नियमित रूप से वेतन एवं निर्धारित समय पर अन्य देयकों का भुगतान मिलता था कार्य करने की एक पद्धति थी विभाग में अनुशासन था जनता के प्रति जवाबदेही होती थी 25 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाफ रेस्ट/रिलीवर, 25 प्रतिशत अतिरिक्त वाहन मैन्टीनेंस हेतु तथा 25 प्रतिशत अतिरिक्त कलपुर्जे स्टाक में रखने की व्यवस्था थी। वाहनों का मेंटीनेंस निर्धारित किलोमीटर पर अक्सर निर्धारित समय पर तथा अच्छी परफारमेंस के लिए कर्मचारियों को इनाम, समय पर वर्दी, ओ.टी., टी.ए. आदि हित लाभ मिलते थे। लगता था कि इस विभाग से बेहतर विभाग प्रदेश में कोई हो ही नहीं सकता। तथा भविष्य में भी सबसे उज्जवल इसी का है लेकिन आज इसकी हालत क्या है, उत्तर प्रदेश ने उत्तरांचल के गठन के बाद इसकी ओर अपनी नजर फेर ली है। उत्तरांचल सरकार इसको लेने को तैयार नहीं। इसमें कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी असमंजस की स्थिति में हैं। 75 प्रतिशत बसें जीर्णशीर्ण हालत में हैं वे अपना जीवन काल पूरा कर चुकी है।

महत्व इसका नहीं कि आप क्या जानते है। बल्कि इसका है कि समय पर आप सोचते क्या हैं।

कार्यशालाओं में सामान नहीं, स्टाफ नहीं, पर्वतीय क्षेत्र में बस संचालन प्रायः समाप्त है। राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अधिकांश संचालन प्राइवेट बसों, सुमों, टैक्सियों, जीपों आदि का है, ट्रक, टैक्सी, आउन्ट एजेन्सी आदि अनेकों कारोबार परिवहन निगम बनने के बाद पहले ही बंद कर दिये गये कर्मचारियों के करोड़ों, देयकों के लिए परेशान हैं, वर्दी बंद है, ओटी बंद है, भर्ती बंद है सम्पूर्ण स्थिति निराशाजनक है।

विचारणीय प्रश्न यह है कि इस विभाग को इस स्थिति पर पहुंचाने के लिए कौन जिम्मेदार है क्या इसमें कार्यरत कर्मचारी है, क्या अधिकारी है अथवा सरकार की नीति के तहत यह स्थिति बनी है इस पर हमें गहराई से विचार करना होगा। मेरे विचार से इसके लिए अधिक जिम्मेदार सरकार की गलत नीतियां रही है, वही कर्मचारी/अधिकारी भी कम जिम्मेदार नहीं जो निम्नवत हैं।

1. राजकीय रोडवेज का कभी मैनुवल नहीं बनाया गया फलस्वरूप आई.ए.एस. अधिकारियों ने निगम गठन उपरांत स्वः विवेक से समय-समय पर कार्य प्रणाली बदली जो बाद में भारी हानि के बाद फेल हो गये।
2. निगम गठन उपरांत इसमें राजनैतिक हस्तक्षेप बढ़ गया। राजनेताओं द्वारा अपने स्वार्थ हेतु निजी वाहनों का संचालन लाया गया, पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत मार्गों का राष्ट्रीयकरण समाप्त कर दिया गया।
3. राजकीय रोडवेज के गठन पर जो उद्देश्य निश्चित थे, उनसे हटकर कार्यनीति अपनायी गयी एक ओर सरकार का पूर्ण हस्तक्षेप दूसरी ओर एटोनीमस संस्था के रूप में कार्य पद्धति लायी गई।
4. निगम का शीर्षस्थ प्रबन्धन पर राजनीति प्रभावी रही जो उनके इशारों पर बदलती रही।
5. अकुशल प्रबन्धन के फलस्वरूप ट्रेड यूनियन आंदोलनों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।
6. ट्रेड यूनियन गतिविधियों तथा जन आंदोलनों में विभाग को भारी क्षति पहुंची।
7. कर्मचारियों में कार्य संस्कृति का अभाव रहा।
8. आदि-आदि।

अब स्थिति से कैसे उभरे। क्या उत्तरांचल में परिवहन व्यवस्था निजी मोटर मालिकों को सौंप दी जाये अथवा राज्य सरकार के आधीन रहे। यह विचार करना है यह सर्वविदित है कि उत्तरांचल का प्रमुख उद्योग पर्यटन माना जा रहा है इसकी सीमायें भी बोर्डर से जुड़ी है, ऐसी स्थिति में सबसे बेहतर तो यही था कि प्रदेश सरकार पर्यटन विभाग से इसको सम्बद्ध करती इसको दू टायर में चलाया जाये इसका सुव्यवस्थित बोर्ड बनाया जाये जिसमें परिवहन विशेषज्ञ, यात्री फोरम, श्रम

संघ, तथा सरकार के प्रतिनिधि हो, राष्ट्रीयकृत मार्गों पर इसका एकाधिकार हो, इसमें शीर्षस्थ अधिकारी आई.टी.एस. हो तथा उसकी सेवायें कन्ट्रेचवल हो। इसका अपना एक मैनुवल हो, अधिकारियों/कर्मचारियों में कार्य के प्रति निष्ठा तथा सामंजस्य हो, प्रदेश सरकार की ओर से प्रारम्भ में समुचित ऐड हो तथा राजनैतिक हस्तक्षेप न हो तो उत्तरांचल में परिवहन व्यवस्था इसके विकास में अपनी अहम भूमिका दे सकता है।

राष्ट्रीय श्रम दिवस मनायें विश्वकर्मा जयंती में।

बड़े लोग जब छोटे काम करते हैं तो संतुलन बिगड़ जाता है।

गीत

1. भारतीय मजदूर संघ की,
   सुनो ये अमर-कहानी
   जीरो से ये शुरु हुई,
   अब कोई न इसकी सानी।
   श्रमिकों की ये एक संस्था,
   राष्ट्रवाद की धारा है!
   उच्च शिखिर पर देखो फहरा,
   भगवा-झण्डा प्यारा है!!
   इस झण्डे की आन की रक्षा
   हम वीरों ने ठानी!
   भारतीय मजदूर संघ....

2. संघ की गौरव गाथा की तो,
   एक निराली शान है,
   और अनेकों श्रम-संघों में,
   अलग एक पहचान है,
   निर्माणों के आदर्शों की,
   इसकी जीवन-शैली!
   भारतीय मजदूर संघ....

3. देश के हित में अपना हित है,
   जिसमें जन-कल्याण निहित है,
   किन्तु प्रथम, कर्तव्य निभाना,
   फिर है मांग उठानी
   भारतीय मजदूर संघ....

4. मानवता के लिए समर्पित,
   तन-मन-धन, सर्वस्व हमारा,
   मातृभूमि के सच्चे सेवक
   वन्दे! मातरम् नारा!
   अब तो दो आशीष

- ओ.पी. भोला
सेवानिवृत सी. लिपिक
उ.प्र. परिवहन निगम हल्द्वानी

मानव जिस लक्ष्य में न लगा देता है, उसे वह श्रम से प्राप्त कर लेता है-ऋग्वेद

महिला श्रमिक एवं कानून

एस.पी. कुकरेती, सहायक श्रमायुक्त, हरिद्वार

यद्यपि भारत में प्राचीन काल से ही महिलाओं का समाज में एक उच्च तथा महत्वपूर्ण स्थान रहा है लेकिन सामाजिक परिवर्तन एवं तथाकथित आर्थिक प्रगति जनित दवाब के कारण महिला वर्ग और विशेषकर महिला श्रमिक वर्ग को कई प्रकार से विभेद का भागी बनना पड़ा है। इस परिपेक्ष्य में, भारत के संविधान निर्माताओं संविधान के भाग–4, जिनमें कि राज्य के नीति निर्देशक तत्व समाहित किये गये हैं, में यह स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि राज्य समस्त नागरिकों के लिए समान अवसर प्रदान करेगा तथा जाति, लिंग आदि के भेदभाव को समाप्त करने हेतु प्रयास करेगा। इस सिद्धांत के आधार पर भारतीय न्याय प्रक्रिया के अधीन "व्यक्ति" में पुरूष एवं महिला कसमान रूप से समाहित हैं। इसी प्रकार भारतीय संसद द्वारा पारित अथवा राज्य सरकारों द्वारा पारित समस्त श्रम कानूनों का लाभ एवं व्यवस्थाएं स्त्री और पुरूष दोनों कर्मकारों पर समान रूप से लागू होते हैं। उदाहरण के रूप में न्यूनतम वेतन अधिनियम, स्थाई आदेश अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधियिनम द्वारा प्रदत्त न्यूनतम वेतन अथवा कार्यदशाएं एवं सेवा शर्तें महिला एवं पुरूष श्रमिकों पर समान रूप से लागू हैं।

महिला श्रमिकों की समाज में विशिष्ट स्थिति, पारिवारिक उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते हुए तथा महिलाओं की गरिमा एवं प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए श्रम अधिनियमों में विशिष्ट प्रावधान किये गये हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष 1975 में महिला श्रमिकों को समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने हेतु एक अध्यादेश पारित किया गया था। जो कि बाद में समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के रूप में अधिनियमित किया गया। इस अधिनियम में व्यवस्था है कि समान कार्य के लिए बिना किसी लिंग भेद के स्त्री एवं पुरूष श्रमिकों को समान वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

अधिनियम द्वारा समान कार्य को सरल भाषा में निम्न प्रकार पारिभाषित किया गया है।

"किसी भी कार्य को करने के लिए यदि एक समान कौशल तथा एक समान शक्ति की आवश्यकता है तथा कार्य की परिस्थितियां सामान्यतः समान हैं, तो ऐसे कार्य करने के लिए महिला एंव पुरूष श्रमिकों के वेतन में केवल लिंग के आधार पर अंतरदण्डनीय अपराध माना गया है। इस अधिनियम के उल्लंघन के लिए उल्लघनकर्ता सेवायोजक को रूपये 10,000 से रूपये 20,000/– तक का अर्थदण्ड अथवा 3 माह का कारावास या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। इस अधिनियम में यह भी व्यवस्था है कि नियुक्ति करने के लिए पुरूष एवं महिला अभ्यार्थियों में विभेद न कर दोनों को समान अवसर उपलब्ध किया जायेगा।

महिला श्रमिकों के लिए मातृत्व का हितलाभ अधिनियम, 1961 भी एक महत्वपूर्ण श्रम अधिनियम है। मूलतः यह अधिनियम कारखानों, बागानों, खदानों में कार्यरत श्रमिकों को ही लाभान्वित करता है। परन्तु इस अधिनियम में वर्णित सुविधाओं एवं लाभों को उत्तरांचल दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम से आवृत्त महिला कर्मकारों को भी अधिनियम की धारा – 26 के अंतर्गत लागू किया गया है।

मातृत्व हितलाभ के अधीन महिला श्रमिक गर्भावस्था की अवधि में बच्चा जनने की संभावित तिथि से 6 सप्ताह पूर्व तथा 6 सप्ताह बाद तक मातृत्व हितलाभ के रूप में सवेतन अवकाश पाने की अधिकारी है। इसके साथ ही गर्भावस्था के दिनों में महिला श्रमिक से अधिक लम्बे समय तक खड़े रहने अथवा भारी वजन एवं जल्दी थकाने वाले कार्य लिया जाना भी निषिद्ध है। ताकि महिला अथवा होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव न पड़े।

मातृत्व हितलाभ किसी भी महिला श्रमिक को इस शर्त पर ही सेवायोजन देने के लिए बाध्य है, कि बच्चा पैदा हने की संभावित तिथि से पूर्व कम से कम 6 माह की अवधि में किसी नियोजक के अधीन अनवरत रूप में महिला नियोजित रही हो। मातृ का हित लाभ एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु महिला श्रमिकों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अधीन भी यही व्यवस्थाएं की गयी हैं।

महिला श्रमिकों की कार्यदशाओं एवं उनके कार्य के घंटे, अतिकाल एवं तत्सम्बन्धी अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी श्रम अधिनियमों में विशिष्ट व्यवस्थायें की गयी हैं। कारखाना अधि ानियम, 1948 तथा उत्तरांचल दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान में यह स्पष्ट व्यवस्था है कि

महिला श्रमिकों से रात्रि में कार्य नहीं लिया जायेगा। इसी प्रकार महिला श्रमिकों से सप्ताह में 48 घंटे ही कार्य लिया जा सकता है और महिला कर्मकचारों से किसी भी दशा में अतिकाल कार्य नहीं लिया जायेगा।

